# HOLIDAY HOMEWORK WORKSHEET

**कक्षा - 6** | **विषय - सामाजिक विषय**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित में सही विकल्प पर सही का चिह्न (✓) लगाइए :**

(अ) सिन्धु घाटी की सभ्यता थी-
(क) ग्रामीण सभ्यता
(ख) नगरीय सभ्यता
(ग) अर्धनगरीय सभ्यता

(ब) आग की खोज किस युग में हुई?
(क) पुरा पाषाण काल
(ख) मध्य पाषाण काल
(ग) नवपाषाण काल

(स) सौरमण्डल में कितने ग्रह हैं?
(क) 7 (ख) 8
(ग) 9 (घ) 6

**प्रश्न - 2 अति लघुत्तरीय प्रश्न -**

(क) मेगस्थनीज की पुस्तक का क्या नाम था?
(ख) कागज का आविष्कार सर्वप्रथम कहाँ हुआ?
(ग) कौन सी सभ्यता ' नील नदी का वरदान नाम से प्रसिद्ध है?
(घ) आकाश में कितने नक्षत्रमण्डल हैं?
(ङ) भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री कौन थे?

**प्रश्न - 3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -**

(क) रात के आकाश में सर्वाधिक चमकीला आकाशीय पिण्ड ----- है।
(ख) सूर्यग्रहण के समय ---- की छाया ----- पर पड़ती है।
(ग) चन्द्रमा पर पहुँचने वाला प्रथम व्यक्ति ---- था।
(घ) मोहनजोदड़ो का अर्थ ---- है।
(ङ) ----- की रचना महर्षि वेदव्यास ने की है।

**प्रश्न- 4 सुमेलित कीजिए -**

| | |
|---|---|
| मदर टेरेसा | अंतरिक्ष यात्री |
| सचिन तेंदुलकर | क्रान्तिकारी |
| कल्पना चावला | समाज सेवा |
| बंकिम चंद्र चटर्जी | क्रिकेट |
| अशफाक उल्ला खां | वंदे मातरम् |

**प्रश्न-5** इतिहास लेखन में सिक्के एवं अभिलेख किस प्रकार सहायक होते हैं? लिखिए।

**प्रश्न -6** आकाश गंगा किसे कहते हैं? हमारा सौरमण्डल किस आकाशगंगा में है?

**प्रश्न - 7** आपके विद्यालय में राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन कैसे होता है? आप इन पर्वों में अपनी सहभागिता कैसे करते हैं?

**प्रश्न- 8** अपने गाँव के सुधार के लिए आप अपने ग्राम प्रधान से क्या-क्या कार्य करवाना चाहते हैं, इसके लिए सूची बनाकर लिखिए।

**प्रश्न- 9** निम्नलिखित तालिका पूरी कीजिए-

| सभ्यता का नाम | नदी का नाम |
|---|---|
| मेसोपोटामिया सभ्यता | |
| मिश्र की सभ्यता | |
| क्रीट सभ्यता | |
| चीन की सभ्यता | |
| हड़प्पा सभ्यता | |

**प्रश्न - 10** निम्नलिखित कथन में सही (✓) और गलत (×) का निशान लगाइए -

(क) मानव ने अपनी जरूरत के लिए पत्थर के औजारों का निर्माण नहीं किया।
(ख) पाषाण युग को तीन भागों में बाँटा गया है।
(ग) कुत्ता मानव का प्रथम पालतू पशु है।
(घ) मानव ने ताँबे व टिन को मिलाकर मिश्रित धातु काँसा बनाना सीख लिया।

**प्रश्न - 11** सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण किसे कहते हैं चित्र के माध्यम से समझाइए?

**प्रोजेक्ट वर्क -**

**प्रश्न - 12** घर बनाने में हम किस-किस सामग्री का उपयोग करते हैं सूची बनाइए।

**प्रश्न - 13** आपके घर में मिट्टी से बनी भिन्न-भिन्न वस्तुओं का प्रयोग होता है उन वस्तुओं की सूची बनाइए।

**प्रश्न - 14** सौर परिवार का रेखा चित्र अपनी अभ्यास पुस्तिका पर बनाइए।

**प्रश्न - 15** मिट्टी का गोला बनाकर उस पर उत्तरी ध्रुव एवं दक्षिणी ध्रुव तथा प्रमुख अक्षांश और देशांतर रेखाएं बनाइए।

**प्रश्न - 16** राष्ट्रीय पुष्प का नाम लिखकर चित्र बनाइए।

**प्रश्न - 17** चन्द्रमा की कलाओं का चित्र बनाइए।

**प्रश्न -** भारत का मैप बनाकर उसमें किन्हीं 5 राज्यों को प्रदर्शित कीजिए।